INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 6 **3rd Lang.**	**Department: Hindi**	**Date of submission:**
Worksheet No: 3	**Topic :** अर्थग्रहण	**Note: Pl. file in portfolio**

निर्देश:- दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर पर (✓) लगाइए |

1. रणवीर की राशन की दुकान थी | उस दुकान पर दालें, चावल, और आटे से लेकर नमकीन, बिस्कुट आदि सब कुछ मिलता था | ऐसी कोई चीज़ न थी जो उसकी दुकान पर न मिलती हो | एक बार दुकान पर रखी शहद की बोतल उलट गई और चारों और से कई मक्खियाँ उस बिखरे शहद पर टूट पड़ी | वे शहद चाटने में इतनी मग्न थी कि उन्हें पता ही नहीं चला कि कब उनके पैर शहद में चिपक गए | अब उनके लिए उड़ना मुश्किल हो गया और उन्हें अपने लालच पर पछतावा होने लगा |

क. किसकी राशन की दुकान थी?

(i) मोहन की (ii) रणवीर की

(iii) दीनदयाल की (iv) तुलाराम की

ख. दुकान पर क्या-क्या मिलता था?

(i) घड़ियाँ और जूते

(ii) कपड़े और गहने

(iii) दालें, चावल, नमकीन, बिस्कुट आदि सब कुछ

(iv) खिलौनें और किताबें

ग. दुकान पर रखी कौन-सी बोतल उलट गई?

(i) शरबत की बोतल ii) पानी की बोतल

(iii) तेल की बोतल (iv) शहद की बोतल

घ. कौन सब कुछ भूल कर शहद चाटने लगी?

(i) मक्खियाँ (ii) तितलियाँ

(iii) बकरियाँ (iv) मधुमखियाँ

2. नदी के किनारे नंदन वन में बहुत से जानवर रहते थे । पर वहाँ के मस्त हाथियों ने सभी जानवरों को परेशान कर दिया था । सब जानवरों ने मिलकर यह बात नदी के पास रहनेवाली चींटियों को बताई। यह सुनकर चींटियों ने सोचा कि उन हाथियों को सबक सिखाना चाहिए | उन्होंने नदी के किनारे लगे मीठे-मीठे गन्ने खाने के लिए हाथियों को बुलाया। हाथी झूमते हुए वहाँ जाकर गन्ने खाने लगे पर दूसरे ही पल एक-एक कर सभी हाथी नीचे गिरने लगे क्योंकि नन्हीं-नन्हीं चींटियों ने उनकी सूँड़ों में घुसकर, डंक मारकर उन सबके घमंड को तोड़ दिया था ।

क. जानवर कौन-से वन में रहते थे?

(i) मधु वन में | (ii) चम्पक वन में
(iii) नंदन वन में | (iv) कानन वन में

ख. किसने सभी जानवरों को परेशान कर दिया था?

(i) शेर ने | (ii) मस्त हाथियों ने
(iii) भालू ने | (iv) बंदरों ने

ग. किसने सोचा कि हाथियों को सबक सिखाना चाहिए?

(i) शिकारियों ने | (ii) बिल्लियों ने
(iii) गाँव के लोगों ने | (iv) चींटियों ने

घ. नदी के किनारे पहुँचकर हाथी क्या खाने लगे?

(i) पेड़ की डालियाँ | (ii) गन्ने
(iii) केले | (iv) अमरुद

●●●●●●●●●●●●●●●

उत्तर = गद्यांश-1

क. किसकी राशन की दुकान थी?

(ii) रणवीर की

ख. दुकान पर क्या- क्या मिलता था?

(iii) दालें, चावल, नमकीन, बिस्कुट आदि सब कुछ

ग. दुकान पर रखी कौन-सी बोतल उलट गई?

(iv) शहद की बोतल

घ. कौन सब कुछ भूल कर शहद चाटने लगी?

(i) मक्खियाँ

उत्तर = गद्यांश- 2

क. जानवर कौन-से वन में रहते थे?

(iii) नंदन वन में

ख. किसने सभी जानवरों को परेशान कर दिया था?

(ii) मस्त हाथियों ने

ग. किसने सोचा कि हाथियों को सबक सिखाना चाहिए?

(iv) चींटियों ने

घ. नदी के किनारे हाथी क्या खाने लगे?

(ii) गन्ने

●●●●●●●●●●●●●●